प्रभात खबर

## दुकान व गैराज से बाइक के नकली पार्ट्स बरामद



मधुपुर. शहर के स्टेशन रोड के एक मोटर स्पेयर पार्ट्स की दुकान व लॉड सिन्हा रोड के तीन गैराज में छापेमारी कर हजारों रुपये के नकली मोटर पार्ट्स बरामद किया गया है. छापेमारी में टीवीएस कंपनी कोलकाता के क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी व कोलकाता हाइकोर्ट के कंपनी के अधिवक्ता समेत स्थानीय पुलिस साथ थी. बताया जाता है कि पिछले कई महिनों से मधुपुर के विभिन्न दुकानों में कंपनी के नकली बाइक पार्ट्स बिक्री की सूचना मिल रही थी. कंपनी के अधिकारियों ने कई दुकानों में नकली पार्ट्स बेचते पाया. इसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद कंपनी के अधिकारी थाना पहुंचे और पुलिस को साथ लेकर चार जगहों पर तलाशी ली. तीन जगहों से नकली पार्ट्स बरामद हुआ, जिसकी कीमत हजारों में है. पार्ट्स का मिलान के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी. मामले में तीन लोगों से पूछताछ की जा रही है.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/deoghar/madhupur-police-raided-the-garage